## कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण

रायगढ कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव एवं श्री संजय दीवानए डिप्टी कलेक्टर श्री पीसीकोरी डिप्टी कलेक्टर श्री बीएस मरकाम डिप्टी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नंदकुमार साय का दौरा कार्यक्रम

रायगढ़, (आरएनएस)। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नंदकुमार साय 2 फरवरी को रायपुर से प्रस्थान कर शाम 6.25 बजे रायगढ़ रेलवे स्टेशन आयेंगे और शाम 6.30 बजे रायगढ़ रेलवे स्टेशन से सर्किट हाऊस के लिए प्रस्थान करेंगे। साय शाम 6.45 बजे रायगढ़ सर्किट हाऊस से ग्राम-भगोरा के लिए प्रस्थान करेंगे। साय 4 फरवरी को ग्राम-भगोरा से प्रस्थान कर रात्रि 9 बजे रायगढ़ सर्किट हाऊस आयेंगे एवं रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

रायगढ़,(आरएनएस)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर में अपर कलेक्टर संजय दीवान ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। अपर कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर बहादुर सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सुदिव्या अग्रवाल, निर्वाचन पर्यवेक्षक एफएम.षड़ंगी सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## 100 बालिका के जन्म होने पर महतारी नोनी तिहार

रायगढ़,(आरएनएस)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में 100 बालिका के जन्म होने पर महतारी नोनी तिहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल अग्रवाल एवं तहसीलदार पुसौर सुरूचि शर्मा उपस्थित थे।

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

### केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री साय ने किया ध्वजारोहण

**रायगढ** रायगढ़ जिले में गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ध्वजारोहण किया और संयुक्त परेड की सलामी। केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री साय ने शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाये और तिरंगे गुब्बारे भी उड़ाए गए। केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री साय ने समारोह में कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड में विशेष सशस्त्र बल छठवीं वाहिनी जिला पुलिस बल होम गार्डस जिला महिला पुलिस बल वन रक्षक बल एनसीसी सीनियर डिवीजन एण्ड सीनियर विंग एनसीसी जूनियर डिवीजन एण्ड जूनियर विंग नटवर स्कूल एनसीसी जूनियर डिवीजन म्यूनिस्पल स्कूल गाईड गर्ल्स नटवर स्कूल गाईड ग्लर्स कार्मेल स्कूल स्काउट ब्वायस संत माईकल स्कूल स्काउट ब्वायस शास जूटमिल स्कूल मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत फायर एण्ड सेफ्टी दल एवं कोटवार दल सहित कुल 14 प्लाटूनों ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर प्रशिक्षु डीएसपी डॉ भुनेश्वरी पैकरा ने किया। परेड में सेकेण्ड इन कमाण्ड का दायित्व उप निरीक्षक प्रदीप जायसवाल ने निभाया। परेड के जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया और राष्ट्रपति की जय का उदघोष किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया तथा इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री साय ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्तिपूर्ण गीतों पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य व्यायाम योग एवं मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास कन्या आश्रम गोढ़ी को प्रथम पुरस्कार गणतंत्र दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति के लिए शास कन्या आश्रम गोढ़ी को प्रथम शास कन्या उच्च माध्य शाला रायगढ़ को द्वितीय एवं कार्मेल इंग्लिश मीडियम स्कूल रायगढ़ को तृतीय पुरस्कार मिला। सहभागिता के लिए इंडियन स्कूल रायगढ़ आदर्श बाल मंदिर रायगढ़ ओपी जिंदल स्कूल को भी पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन सीनियर में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल छठवीं वाहिनी को मिला प्रथम पुरस्कार.गणतंत्र दिवस समारोह में श्रेष्ठ परेड के लिए छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल छठवीं वाहिनी को प्रथम पुरस्कार मिला।

## पेंशन योजना के अभिदाताओं के व्यक्तिगत विवरण को अद्यतन करने के निर्देश

रायगढ़,(आरएनएस)। जिला कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अभिदाताओं के व्यक्तिगत विवरण अद्यतन करने के निर्देश दिए है। इसके लिए डीडीओ स्तर पर निम्न प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिनमेंईकोषऑनलाईनडाटसीजीडाटएनआईसीडाटईन साईट में ई-कर्मचारी लॉगिन कर एम्पलाई अपडेशन मेनू के एनएसडीएल एम्पलाई डाटा अपडेशन आप्शन द्वारा अपडेट किया जाना है। ईमेल आईडी, आधार कार्ड, पैन नंबर, गृह राज्य, गृह जिला को ई-कर्मचारी एम्पलाई एन्ट्री-एम्पलाई मास्टर एन्ट्री मेनू में जाकर अपडेट करें। बैंक डिटेल, मोबाईल नंबर की जानकारी ईपेरोल मेनू में जाकर अपडेट करें।

## राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम 28 29 एवं 30 जनवरी को

**रायगढ़** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन के द्वारा माह जनवरी के 28 तारीख ;रविवारद्ध को अभियान के प्रथम चक्र में 0 से 5 वर्ष आयु समूह के 163787 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद खुराक पिलायी जानी है। सभी बच्चों को पोलियों ड्राप पिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग व्यापक रूप से तैयारियां कर रही है। सभी विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों के विशेष स्थलों तथा रेलवे स्टेशनए बस स्टैण्डए साप्ताहिक बाजारए ईट भट्ठ एवं विभिन्न आद्योगिक क्षेत्र के बच्चों हेतु विशेष टीम का गठन किया गया है। रायगढ़ जिले में कुल बूथ संख्या 1855ए ट्रांजिट टीम 29ए मेला बाजार स्थल 10 एवं मोबाईल दल 12 कुल दलों की संख्या 1906 हैए जिसमें कुल सदस्य संख्या 3819 एवं कुल पर्यवेक्षक संख्या 425 है।

CAREER SCHOOL

Topper Students




Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

"English Medium Study" Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां




शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931